दिन—मंगलवार दिनांक— 12 / 03 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः— शाम 7.30 बजे से। अवधिः— 15 मिनट

---

मुख्य समाचार.......

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अहमदाबाद से वीडियों कॉन्फ्रेंस के जरिए पटना से लखनऊ और न्यू जलपाईगुडी के बीच दो वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

02. सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर एसबीआई ने चुनावी बॉन्ड का डेटा चुनाव आयोग को उपलब्ध कराया। आयोग इस डेटा को पन्द्रह मार्च तक अपनी वेबसाइट पर करेगा अपलोड।

03. केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कांग्रेस पर नागरिकता संशोधन कानून को लेकर तुष्टिकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया।

04. और, प्रवर्तन निदेशालय की टीम धन शोधन के मामले में राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद के निकट सहयोगी अमित कात्याल के दिल्ली, गुरूग्राम और सोनीपत स्थित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।

विस्तार से.........

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज अहमदाबाद से वीडियो कॉन्फ्रेस के जरिए पटना—लखनऊ और न्यू जलपाईगुडी—पटना वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। पटना—लखनऊ वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन दो धार्मिक शहरों—अयोध्या और वाराणसी को भी जोड़ेगी। इससे पटना और लखनऊ के बीच यात्रा अवधि कम होगी। वहीं, न्यू जलपाईगुडी—पटना वंदे भारत एक्सप्रेस सीमांचल के लोगों की मांग पर चलाई गई है। इससे बिहार और पश्चिम बंगाल के कई महत्वपूर्ण शहरों तक संपर्क सुविधा बढ़ेगी। श्री मोदी ने पटना, दरभंगा और कटिहार समेत अन्य स्टेशन पर प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्रों का भी उद्घाटन किया। वही, स्थानीय हस्तशिल्प उत्पादों और जीआई टैग उत्पादों को प्रोत्साहन देने के लिए समस्तीपुर, भागलपुर, बांका, सहरसा और बेगूसराय समेत अन्य रेलवे स्टेशनों पर एक स्टेशन एक उत्पाद स्टॉल का भी लोकार्पण किया गया। श्री मोदी ने कैमूर जिले के न्यू कुदरा और न्यू दुर्गावती कार्गो हैंडलिंग स्टेशन का भी उद्घाटन किया। इसके अलावा प्रधानमंत्री ने पूर्व मध्य रेलवे के अंतर्गत तेरह हजार दो सौ अट्ठाईस करोड़ रूपये की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन और लोकार्पण किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम

को सम्बोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि रेलवे किसी भी देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। श्री मोदी ने कहा कि रेलवे का विकास, विकसित भारत की गारंटी है।

---बाईट---

प्रधानमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने रेल बजट में औसतन छह गुना से अधिक की बढ़ोतरी की है। श्री मोदी ने कहा कि अगले पाँच वर्षों में रेलवे का कायाकल्प किया जायेगा।

---बाईट---

श्री मोदी ने कहा कि रेलवे आत्मनिर्भर भारत और वोकल फॉर लोकल का एक सशक्त माध्यम है।

---बाईट---

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से इस कार्यक्रम में शामिल हुए। वहीं, राज्यपाल राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर पटना स्टेशन पर और केन्द्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे बक्सर स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। अन्य स्टेशनों पर आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय सांसद समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

---

सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर भारतीय स्टेट बैंक ने चुनावी बॉन्ड का डेटा चुनाव आयोग को उपलब्ध करा दिया है। आयोग इस पूरे डेटा को पन्द्रह मार्च तक अपनी वेबसाइट पर अपलोड कर देगा। आयोग चुनावी बॉन्ड खरीदने वालों की जानकारी भी सार्वजनिक करेगा, जो अब तक केवल सीलबन्द लिफाफे में सुप्रीम कोर्ट में जमा किए गये थे।

---

केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा है कि एनडीए सरकार ने अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप नागरिकता संशोधन कानून सीएए को लागू किया है। उन्होंने सीएए को लेकर कांग्रेस पर तुष्टिकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया।

———बाईट———

————————————————————————————

केन्द्र सरकार ने नागरिकता संशोधन अधिनियम–2019 के तहत भारतीय नागरिकता के पात्र व्यक्तियों के लिए एक नया पोर्टल लॉन्च किया है। जो लोग आवेदन करना चाहते हैं वे इंडियन सिटीजनशिप ऑनलाइन डॉट एन आई सी डॉट आई एन पर लॉग इन कर सकते हैं। केंद्रीय गृह मंत्रालय मोबाइल ऐप के माध्यम से आवेदन की सुविधा के लिए एक मोबाइल ऐप सीएए–2019 भी लॉन्च करने जा रहा है।

————————————————————————————

देश में नागरिकता संशोधन अधिनियम, सीएए लागू होने के साथ ही पूरे बिहार में चौकसी बढ़ा दी गई है। अपर पुलिस महानिदेशक, विधि व्यवस्था संजय सिंह ने बताया कि सभी जिलों में पुलिस को अलर्ट कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि सीमांचल और नेपाल की सीमा से सटे जिलों में निगरानी बढ़ा दी गई है। संवेदनशील स्थानों, असामाजिक तत्वों के साथ –साथ सोशल मीडिया पर भी कड़ी नजर रखी जा रही है।

————————————————————————————

प्रवर्तन निदेशालय की टीम राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद के निकट सहयोगी अमित कात्याल के दिल्ली, गुरूग्राम और सोनीपत स्थित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार धन शोधन के मामले में ये छापेमारी चल रही है। गौरतलब है कि रेलवे में नौकरी के बदले जमीन घोटाला मामले में अमित कात्याल आरोपी है और उसे ईडी ने पिछले साल नबंवर महीने में गिरफ्तार किया था।

————————————————————————————

केन्द्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने समस्तीपुर के मुक्तापुर स्थित गुमटी संख्या दो पर रोड ओवर ब्रिज के निर्माण को स्वीकृति प्रदान कर दी है। स्थानीय सांसद प्रिंस राज ने यह जानकारी दी।

———————————————————————

मैथिली की जानीमानी कवयित्री और कथाकार मेनका मल्लिक को वर्ष दो हजार तेईस का साहित्य अकादमी अनुवाद पुरस्कार देने की घोषणा की गयी है। यह पुरस्कार उन्हें नेपाली भाषा के उपन्यास नीलकंठ के मैथिली अनुवाद के लिए प्रदान किया जायेगा। मेनका मल्लिक मूलतः बेगूसराय के उलाव की निवासी है। आकाशवाणी समाचार से बातचीत में मेनका मल्लिक ने पुरस्कार मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त की।

———बाईट———

———————————————————————

दूरदर्शन नेशनल अब प्रत्येक दिन सुबह साढे छह बजे अयोध्या के श्री रामलला मंदिर में होने वाली आरती का सीधा प्रसारण करेगा। श्रद्धालु अब प्रत्येक दिन भगवान श्री रामलला का दर्शन कर सकेंगे।

———————————————————————

प्रदेश में मौसम शुष्क बना हुआ है। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना के वैज्ञानिक कुमार गौरव ने बताया कि अगले तीन दिनों के दौरान राज्य के अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस बढ़ोतरी की संभावना है।

———बाईट———

इधर, पिछले चौबीस घंटो के दौरान तैंतीस दशमलव आठ डिग्री सेल्सियस अधिकतम तापमान के साथ खगड़िया राज्य का सबसे गर्म स्थान रहा।

———————————————————————

बेगूसराय जिले की एक अदालत ने अपहरण और हत्या के एक मामले मे सात दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। यह मामला लगभग तेरह वर्ष पुराना था। वहीं, अररिया की विशेष उत्पाद अदालत ने शराब तस्करी के मामले में दोषी छेदी

लाल पासवान को पाँच वर्ष कठोर कारावास और एक लाख रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई है।

———————————————————————

गया के बेलागंज थाना क्षेत्र के खिजरसराय–रामपुर मोड़ के पास एक अनियंत्रित हाईवा की चपेट में आने से मोटरसाईकिल सवार चार युवकों की मौत हो गई। सभी सिमरा गांव के रहने वाले थे। इधर, रोहतास जिले के दरीगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत बुढ़न मोड़ के पास एक वाहन की चपेट में आने से मोटरसाईकिल सवार पिता–पुत्री की मौत हो गई। हादसे में मृतक की पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गई हैं।

———————————————————————

सोशल मीडिया पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को धमकी देने के मामले में पटना पुलिस ने बाढ़ से आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है।

———————————————————————

बेगूसराय जिले के खोदावंदपुर थाना क्षेत्र से पुलिस ने दो लाख रूपये के ईनामी अपराधी नीतीश कुमार को आठ पिस्तौल, तीन मैग्जीन और पैंसठ कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। वहीं, जिले के अलग–अलग थाना क्षेत्रों से चार अन्य अपराधियों की भी गिरफ्तारी हुई है।

———————————————————————

नालंदा जिले के कतरी सराय थाना क्षेत्र से पुलिस ने दो साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से साठ हजार रूपये, लैपटॉप, मोबाइल, सिमकार्ड और एटीएम कार्ड बरामद किये गये है।

———————————————————————

अररिया जिले के अलग–अलग थाना क्षेत्रों में पुलिस ने अभियान चला कर ग्यारह अपराधियों को गिरफ्तार किया है । इनके पास से हथियार, शराब और नेपाली मुद्रा भी बरामद की गई है।

———————————————————————

शेखपुरा नगर थाना क्षेत्र से पुलिस ने भारी मात्रा मे शराब के साथ पाँच तस्करों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

पटना के कदमकुआं थाना क्षेत्र अंतर्गत पुस्तकालय लेन के पास अपराधियों ने एक व्यक्ति से छह लाख रूपये लूट लिये।

———————————————————————

बेगूसराय जिला परिषद उपाध्यक्ष पद पर राजीव कुमार निर्वाचित घोषित किये गए हैं। उन्हें कुल तेईस मत प्राप्त हुए। वहीं, नालंदा जिला परिषद अध्यक्ष पद के लिए हुए चुनाव में तनुजा कुमारी और उपाध्यक्ष पद के लिए नरोत्तम कुमार विजयी घोषित किये गये हैं।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अहमदाबाद से वीडियों कॉन्फ्रेंस के जरिए पटना से लखनऊ और न्यू जलपाईगुडी के बीच दो वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

02. सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर एसबीआई ने चुनावी बॉन्ड का डेटा चुनाव आयोग को उपलब्ध कराया। आयोग इस डेटा को पन्द्रह मार्च तक अपनी वेबसाइट पर करेगा अपलोड।

03. केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कांग्रेस पर नागरिकता संशोधन कानून को लेकर तुष्टिकरण की राजनीति करने का आरोप लगाया।

04. और, प्रवर्तन निदेशालय की टीम धन शोधन के मामले में राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद के निकट सहयोगी अमित कात्याल के दिल्ली, गुरूग्राम और सोनीपत स्थित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।

———————————————————————

समाप्त